बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-01

01/01/2020

मुख्यमंत्री ने अपनी माताश्री स्व0 परमेश्वरी देवी के पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 01 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपनी माताश्री स्व0 परमेश्वरी देवी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर अपने पैतृक गॉव कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका जाकर स्व0 परमेश्वरी देवी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने पिता कविराज स्व0 रामलखन सिंह जी एवं अपनी धर्मपत्नी स्व0 मंजू सिन्हा जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के बड़े भाई श्री सतीश कुमार, पुत्र श्री निशान्त कुमार एवं निकट परिजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री जितेन्द्र कुमार, विधायक श्री चन्द्रसेन, विधायक श्री रविज्योति कुमार, विधान पार्षद श्री रणवीर नन्दन, विधान पार्षद श्री संजय कुमार उर्फ गाँधी जी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन के सदस्य श्री उदयकांत मिश्रा, नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य व्यक्तियों तथा शुभचिन्तकों के साथ साथ मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना के प्रमडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, पटना प्रमंडल के पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक बुडको श्री चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी पटना, जिलाधिकारी नालन्दा सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने भी स्व0 परमेश्वरी देवी, स्व0 राम लखन सिंह एवं स्व0 मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कल्याण बिगहा स्थित अपने पुश्तैनी गॉव के देवी मंदिर में जाकर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये पूजा अर्चना भी की।

******